





# 56 फरियादियों की समस्याओं पर दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

## एसपी अंकित जायसवाल ने सीएम हेल्पलाइन की 16 शिकायतों का कराया संतोषजनक निराकरण

**नीमच।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन जोन के निर्देशानुसार मंगलवार को जोन के सभी जिलों में लंबित सीएम हेल्पलाइन एवं जन शिकायतों के प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए गए।

इसी क्रम में 03 फरवरी 2026 को पुलिस कंट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा जिला स्तरीय जनसुनवाई, शिकायत निवारण एवं सीएम हेल्पलाइन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे।

जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन शिविर में आवेदकों ने अपनी समस्याएं पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के समक्ष प्रस्तुत कीं। एसपी जायसवाल ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से त्वरित और निष्पक्ष निराकरण के निर्देश दिए।

शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन की लेवल-1, लेवल-2 एवं लेवल-3 की कुल 16 शिकायतों का संतोषजनक निराकरण कर उन्हें बंद कराया गया। वहीं जिला स्तरीय जनसुनवाई में लगभग 56 फरियादी उपस्थित हुए, जिनकी समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

एसपी जायसवाल ने राजपत्रित अधिकारियों एवं समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई से जुड़े प्रकरणों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित जनहित से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद रोहित राठौर, प्रभारी एसडीओपी मनासा एवं उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा निकिता सिंह सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी, संबंधित शाखाओं के अधिकारी तथा फरियादी/आवेदक उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे ने छीन ली जीरन की 'ब्लैक बेल्ट' तुलसी, खेल जगत में शोक

▶ तुलसी के निधन की खबर गृहनगर जीरन पहुंची तो पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई



**जीरन।** हौसलों के तरकश में जीत के कई तीर बाकी थे, आंखों में देश के लिए मेडल जीतने के सपने थे और पैरों में ताइक्वांडो की वो फुर्ती, जिससे बड़े-बड़े प्रतिद्वंद्वी मात खा जाते थे। लेकिन नियति के क्रूर प्रहार ने जीरन की एक चमकती प्रतिभा को हमसे हमेशा के लिए छीन लिया। जीरन निवासी केशवदास बैरागी की सुपुत्री और ताइक्वांडो की जांबाज खिलाड़ी तुलसी बैरागी अब हमारे बीच नहीं रहीं।

मिली जानकारी के अनुसार, ब्लैक बेल्ट ताइक्वांडो खिलाड़ी तुलसी बैरागी वर्तमान में मन्दसौर रहकर अपने खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही थीं। बीती रविवार रात वह अपनी सहेली के साथ स्कूटी से मन्दसौर स्थित घर की ओर जा रही थीं, तभी एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने उनकी खुशियों को रौंद दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि तुलसी व उसकी सहेली गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें तत्काल मन्दसौर जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का हरसंभव प्रयास किया, लेकिन देर रात उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

तुलसी के आकस्मिक निधन की खबर जैसे ही उनके गृह नगर जीरन पहुँची, पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई। एक होनहार बेटी, जो खेल के मैदान में अपनी ताकत का लोहा मनवा रही थी, वह जिंदगी की जंग हार जाएगी, ऐसा किसी ने सोचा न था। हर आँख नम है और हर जुबां पर बस तुलसी की प्रतिभा और उसकी सादगी के किस्से हैं।

एक अधूरी रह गई 'ब्लैक बेल्ट' की कहानी

तुलसी मात्र एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि जीरन की उन बेटियों के लिए प्रेरणा थीं जो छोटे शहरों से निकलकर खेल की दुनिया में नाम कमाना चाहती हैं। उन्होंने अपनी मेहनत से ताइक्वांडो में 'ब्लैक बेल्ट' हासिल किया था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे नगर की संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। अकस्मात घटित इस घटना ने जीरन से उसकी एक अनमोल पहचान छीन ली है। खेल का मैदान आज सूना है और जीरन की हवाओं में सिर्फ गम की खामोशी है।

# किसान नेता राजकुमार अहीर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**नीमच।** जिले में बीते दो पूर्व हुई बेमौसम बारिश और भारी ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ दी है। जावद क्षेत्र सहित जिले के कई गांवों में गेहूं, अफीम, धनिया, चना, सरसों, चिरायता और संतरे जैसी प्रमुख फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

इस आपदा से आक्रोशित किसानों ने मंगलवार को किसान नेता राजकुमार अहीर के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र राहत की मांग की।ज्ञापन में बताया गया कि जावद क्षेत्र के दड़ौली, मांडा, झिरमिर, महेन्द्री, जनकपुर, चड़ोल और सकतपुरिया सहित कई गांवों में बड़े आकार के ओले गिरे, जिससे खेतों में खड़ी फसलें बुरी तरह नष्ट हो गईं। विशेष रूप से जनकपुर क्षेत्र में संतरे की खेती पूरी तरह बर्बाद हो गई है। किसानों का कहना है कि जहां संतरे का भाव पहले 40 रुपये प्रति किलो मिलता था, वहीं फसल खराब होने के कारण उन्हें मजबूरी में 15 रुपये प्रति किलो के भाव पर बेचने पड़े।किसान नेता राजकुमार अहीर ने बताया कि पूरे नीमच जिले में हुई इस प्राकृतिक आपदा से किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई है। सबसे अधिक नुकसान अफीम, संतरा और गेहूं की फसलों में हुआ है। किसानों की मांग है कि राजस्व विभाग एवं नारकोटिक्स विभाग के अधिकारी शीघ्र खेतों पर जाकर वास्तविक स्थिति का आकलन करें और ईमानदारी से फसल सर्वे किया जाए।

ज्ञापन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा क्लेम शीघ्र दिलाने और राज्य शासन से पर्याप्त मुआवजा प्रदान करने की मांग की गई है। किसान नेता अहीर ने आरोप लगाया कि हाल ही में जावद बेल्ट में एसडीएम द्वारा किया गया सर्वे केवल एक स्थान पर बैठकर किया गया, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि फसल सर्वे कागजों पर नहीं, बल्कि किसानों के खेतों में जाकर किया जाना चाहिए, ताकि वास्तविक नुकसान सामने आ सके।

# आंगनवाड़ी के बच्चों को मधुमक्खियों से बचाने दे दी जान

▶ स्व सहायता समूह की अध्यक्ष ने तिरपाल-दरी में लपेटकर बचाया, लेकिन खुद चपेट में आई



**नीमच।** आंगनबाड़ी केंद्र पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। बच्चों को उनसे बचाने के लिए केंद्र में खाना बनाने वाले स्वसहायता समूह की अध्यक्ष कंचन बाई मेघवाल मधुमक्खियों के सामने खड़ी हो गईं। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना सभी बच्चों को तिरपाल और दरी में लपेटा। फिर अंदर के कमरे में भेजा।

इतनी देर में कंचन बाई को कई मधुमक्खियों ने काट लिया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामला नीमच जिले के रानपुर गांव में सोमवार दोपहर का है। कंचन बाई का शव मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन को सौंपा गया।

आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर खेल रहे थे बच्चे सोमवार दोपहर को मडावदा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे बाहर खेल रहे थे। अचानक कई मधुमक्खियां वहां आ गईं और बच्चों को घेर लिया। यह देखकर कंचन बाई ने तुरंत हिम्मत दिखाई। उन्होंने पास पड़ी तिरपाल और दरी से बच्चों को ढंकना शुरू कर दिया।

कंचन बाई बच्चों को बचाने के लिए खुद मधुमक्खियों के सामने खड़ी हो गईं। जब तक ग्रामीण मदद के लिए दौड़ते, हजारों मधुमक्खियां कंचन बाई को बुरी तरह डंक मार चुकी थीं। पति को पैरालिसिस, घर संभाल रही थीं स्थानीय ग्रामीणों ने कहा- कंचन बाई आंगनबाड़ी में खाना बनाने वाले 'जय माता दी स्व-सहायता समूह' की अध्यक्ष थीं। वे खुद भी बच्चों के लिए खाना बनाने का काम करती थीं। उनके पति शिवलाल को पैरालिसिस है। ऐसे में घर का सारा बोझ कंचन बाई के कंधों पर ही था। दंपती का एक बेटा और दो बेटियां हैं।प्रशासन से लगाई मदद करने की गुहार ग्रामीण अब आंगनवाड़ी के पास जाने से भी कतरा रहे हैं, क्योंकि वहां लगे पेड़ पर मधुमक्खियों का छत्ता है। जबकि आंगनबाड़ी में लगा एकमात्र हैंडपंप ही गांवभर के लिए पानी का जरिया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस छत्ते को तुरंत हटाया जाए ताकि और कोई हादसा न हो। साथ ही कंचन बाई के परिवार की आर्थिक मदद करने की गुहार भी लगाई है।

## एक नजर में

### ग्राम चचोर में आज कलस्टर स्तरीय शिविर

**नीमच।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में आज 4 फरवरी 2026 को प्रात: 11 बजे से मनासा विकासखण्ड के ग्राम चचोर में कलस्टर स्तरीय शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में विभिन्न विभागों की 106 सेवाओं को प्रदान करने के लिए ग्रामीणों के आवेदन प्राप्त कर उनका शिविर में ही निराकरण किया जावेगा। एसडीएम सुश्री किरण आंजना ने क्षेत्र के ग्रामीणों से इस शिविर का लाभ उठाने का आगृह किया है। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी ग्रामीणों के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण करेंगे।

### दो पीड़ित परिवारों को आठ लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नीमच।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उपखण्ड मनासा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग 6(4) के तहत दो पीडित परिवारों को पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। एसडीएम मनासा सुश्री किरण आंजना द्वारा रामपुरा निवासी गोलू पिता नीरज रसानिया की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर मृतक के वारिस नीरज पिता गंगाराम को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी तरह रामपुरा निवासी शेख समीर पिता शेख सलीम की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर मृतक की वारिस परबीन बी पति शेख सलीम को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृति की गई है। तहसीलदार रामपुरा द्वारा आर्थिक सहायता का प्रकरण तैयार कर, स्वीकृति के लिए एसडीएम मनासा को प्रस्तुत किया गया था।

### डीएमचंद्रा द्वारा दो शस्त्र लाइसेंस निरस्त

**नीमच।** जिला दण्डाधिकारी हिमांशु चंद्रा द्वारा लोकशांति एवं जनसुरक्षा के मद्देनजर जावद तहसील के गांव रूपपुरा निवासी शस्त्र लायसेंसी तखतसिह पिता देवराज जाट को प्रदत्त एक 12 बोर 2 नाल बंदूक का शस्त्र लायसेंस क्रमांक 3/1989 एवं आटा निवासी लायसेंसी बगदीराम पिता छगनलाल धाकड को प्रदत्त 12 बोर का शस्त्र लायसेंसी क्रमांक-3 एम.पी.एन.एम.एच. को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया हैं। पुलिस अधीक्षक नीमच द्वारा उक्त शस्त्र लायसेंस निरस्त करने की अनुशंसा की गई थी।

### मितेश धाकड़ द्वारा फसल काटकर चोरी कर ले जाने हेतु दिया जनसुनवाई में आवेदन

**नीमच।** फरियादी रणजीतसिंह पिता लालसिंह तोमर ने मंगलवार जनसुनवाई 03 फरवरी 2026 को कलेक्टर कार्यालय में उपस्थित होकर लेखी आवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें बताया गया कि प्रार्थी की कृषि भूमि जो कि जावद तहसील के ग्राम आटा में सर्वे नम्बर 561/2 है जिस पर वह कृषि कार्य करता है लेकिन विगत दिनों आरोपी मितेश धाकड़ शिक्षक पिता हीरालाल धाकड़ द्वारा खड़ी फसल जिसमें सरसों व चिया को आरोपी काटकर चुराकर कर ले गया जिसकी जानकारी मेरे द्वारा नियुक्त किये गये मेरे पातीदार द्वारा मुझे अवगत कर बताया गया। और पूर्व में भी मितेश धाकड़ द्वारा मेरे खेत पर लगाये पेड़-पौधें काट कर चुरा ले गया था जिसकी भी रिपोर्ट भी मेरे द्वारा जावद थाने में व जनसुनवाई में की गई थी। परन्तु अभी तक उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होने की वजह से उसके हौंसले बुलन्द है आरोपी मितेश धाकड़ टीचर पिता हीरालाल धाकड़ के खिलाफ अतिशीघ्र उचित एवं ठोस कार्यवाही करने की मांग की गई।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना तहत पिंक ड्राइविंग लाइसेंस शिविर 9 फरवरी को

**नीमच।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग तथा परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 18 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं/युवतियों के लिए पिंक ड्राइविंग लाइसेंस शिविर 09 फरवरी 2026 सोमवार को आयोजित किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सुश्री अंकिता पंड्या ने बताया, कि परिवहन विभाग के समन्वय से 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी बालिकाओं, युवतियों के लिए नि:शुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के लिए पिंक ड्राइविंग लाइसेंस शिविर आयोजित किया जा रहा है। विशेष शिविर में ड्राइविंग लाइसेंस नि:शुल्क बनाएं जाएंगे। शिविर में किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं होगा। ऐसी बालिकाएं, युवतियां जिनके ड्राइविंग लाइसेंस अभी तक नहीं बने है, वे 09 फरवरी के पूर्व महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 49 नीमच में संपर्क कर, या दूरभाष क्रमांक 9770551597 पर संपर्क कर अपना पंजीयन करवा सकती है।

# धूल फाकने को मजबूर वार्डवासी, बंगला नंबर 26-27 के बीच फंसा पेच

▶ 50 साल से प्रदूषण झेल रहे लोग, प्रशासनिक खींचतान में अटका सड़क निर्माण



**नीमच।** शहर के बीच स्थित वार्ड क्रमांक 26 (जैन भवन कॉलोनी, (मिडिल स्कूल रोड) के रहवासी पिछले करीब 50 वर्षों से धूल प्रदूषण की गंभीर समस्या झेलने को मजबूर हैं। जैन भवन से शिक्षक कॉलोनी को जोड़ने वाला मुख्य वैकल्पिक मार्ग मिडिल स्कूल ग्राउंड से होकर गुजरता है, जो आज तक कच्चा ही है। इस रास्ते से प्रतिदिन दोपहिया और चारपहिया वाहनों की भारी आवाजाही होती है, जिससे उड़ने वाली धूल रहवासियों के घरों, दुकानों और श्वास के साथ फेफड़ों तक पहुंच रही है।स्थिति यह है कि इस मार्ग से क्षेत्र की लगभग 50 प्रतिशत आबादी का रोजाना आना-जाना है। आसपास तीन बड़े स्कूल—शासकीय प्राथमिक, मिडिल स्कूल क्रमांक-2 (निजी हायर सेकेंडरी) और तैय्यबी स्कूल—स्थित हैं, जिनमें करीब 1000 बच्चे अध्ययनरत हैं। इसके बावजूद धूल प्रदूषण को लेकर न तो शिक्षा विभाग और न ही नगरपालिका कोई ठोस समाधान निकाल पा रही है।वार्डवासियों का कहना है कि सीआरपीएफ (पुराने प्रशासनिक) नक्शे में बंगला नंबर 26 और 27 के बीच इस मार्ग को स्पष्ट रूप से 'आम रास्ता' दर्शाया गया है। वर्ष 2018 में नगरपालिका ने यहां सड़क निर्माण का टेंडर भी किया था, लेकिन स्कूल प्रशासन के विरोध के चलते काम रोक दिया गया। वर्ष 2024 में मिडिल स्कूल परिसर की सुरक्षा के लिए प्री-कास्ट बाउंड्रीवाल बना दी गई और सामने करीब 20 फीट चौड़ा रास्ता आमजन के आवागमन के लिए छोड़ा गया। इसके बाद भी सड़क निर्माण शुरू नहीं हो सका।रहवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर अब तक तीन बार लिखित आवेदन दिए जा चुके हैं। नगरपालिका और शिक्षा विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते रहे, जबकि जनता धूल 'पीने' को मजबूर है। शिकायतकर्ताओं ने सीएम हेल्पलाइन पर भी मामला दर्ज कराया, लेकिन निराकरण किए बिना ही हेल्पलाइन बंद कर दी गई, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है।वार्ड के लोगों का साफ कहना है कि यह न सिर्फ विकास से जुड़ा मुद्दा है, बल्कि सीधे तौर पर स्वास्थ्य से भी जुड़ा हुआ है। बच्चों, बुजुर्गों और दुकानदारों को सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। अब वार्डवासी कलेक्टर से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि प्रशासनिक अधिकारों का उपयोग कर इस 50 साल पुरानी समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए और जैन भवन से शिक्षक कॉलोनी तक पक्की सड़क का निर्माण शीघ्र शुरू कराया जाए।



# आमलीखेड़ा के मुख्य चौराहे पर मधुमक्खी का हमला, मजदूर सहित कई लोग घायल

**नीमच। आमलीखेड़ा गांव के मुख्य चौराहे पर मधुमक्खी के हमले से मची अफरा-तफरी के बाद राहत और मदद का काम मौके पर जारी रहा। घटना की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह आमलीखेड़ा पहुंचे और राहत कार्य में सक्रिय रूप से जुटे रहे।**

मधुमक्खी के काटने से दो आदिवासी मजदूरों सहित गांव के कई लोग घायल हो गए थे। घायलों में कान्हा सेन पिता भंवरलाल सेन (32 वर्ष), बल्लू बंजारा (79 वर्ष) और महेंद्र सिंह पिता जालम सिंह (55 वर्ष) निवासी आमलीखेड़ा शामिल हैं। सभी घायलों को तत्काल मनासा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक गंभीर घायल को नीमच सिविल अस्पताल रेफर किया गया।

घटना की सूचना मिलते ही कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह मौके पर पहुंचे और घायलों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और उपचार एवं राहत व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। साथ ही प्रभावित मजदूरों और ग्रामीणों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य चौराहे जैसे सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की घटना प्रशासनिक सतर्कता की कमी को उजागर करती है। लोगों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस और स्थायी इंतजाम किए जाएं।



# सड़क हादसे में पिता घायल, बेटी ने मांगी मदद

▶ उदयपुर में वेंटिलेटर पर, समाज ने निष्पक्ष जांच और सहायता की मांग की

**नीमच।** मंगलवार को श्री वैष्णव बैरागी समाज ने एक गरीब परिवार को न्याय दिलाने के लिए प्रदर्शन किया। समाजजनों ने जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार संजय मालवीय को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चिताखेड़ा निवासी संजय बैरागी के लिए न्याय और आर्थिक सहायता की मांग की। इस दौरान, घायल संजय की 9 माह की गर्भवती बेटी नेहा बैरागी भी अपने पिता के लिए न्याय और दोषियों पर कार्रवाई की गुहार लगाने कलेक्ट्रेट पहुंची।

यह मामला 25 जनवरी की शाम का है। ग्राम रामनगर के पास कार चालक यश शर्मा पर आरोप है कि उन्होंने अपनी कार गलत दिशा में चलाते हुए संजय बैरागी की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में संजय गंभीर रूप से घायल हो गए। वे इस समय उदयपुर के एक निजी अस्पताल में वेंटिलेटर पर हैं।

समाजजनों का आरोप है कि आरोपी पक्ष अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर मामले को कमजोर करने का प्रयास कर रहा है। पीड़ित परिवार ने बताया कि संजय घर के एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं और कारपेंटर का काम करते थे। उनके इलाज पर अब तक लाखों रुपये खर्च हो चुके हैं, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। आरोपी ने परिवार को किसी भी तरह की सहायता देने से इनकार कर दिया है।

## एक नजर

श्रद्धा और आत्मविश्वास के बिना आत्म कल्याण का मार्ग नहीं मिलता है -आर्यिका माताजी विज्ञाश्री

# आर्यिका माताजी के ससंघ की धर्म सभा में उमड़े समाजजन

**नीमच।** संयम नियम के पालन बिना सिद्ध शिला की मंजिल नहीं मिलती है। हम चश्मे के फ्रेम को नहीं लेंस को महत्व दें तभी हमारी दृष्टि और सोच सही हो सकती है।अशुभ और पाप कर्मों से बचना ही चरित्र होता है।श्रद्धा और आत्मविश्वास के बिना आत्म कल्याण का मार्ग नहीं मिलता है।



यह बात मालवा की लाल माटी की धारा पर ऐतिहासिक पंचकल्याणक करवाने वाले संत आचार्य 108 विराग सागर जी महाराज की सुशिष्या परम पूज्य भारत गौरव आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ने उपस्थित जनसमूह से संबोधन करते हुए कहा कि हम शरीर को चाहे कितना ही साबुन से धो ले लेकिन जब तक हम अंतरात्मा की बुराइयों का अंत नहीं करेंगे तब तक हमारी आत्मा पवित्र नहीं हो सकती है। जिस शरीर को हम अपना मानते हैं वह एक दिन अग्नि में नष्ट होना है। इसलिए अंतरात्मा को पहचान कर अपने आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। स्मृति ज्ञान तेज होता है तभी निश्चय सम्यक दर्शन मिलता है।

मनुष्य धन कमाने तथा दूसरों के लिए तो समय निकलता है लेकिन स्वयं के लिए समय नहीं निकालता है जब तक मनुष्य स्वयं के लिए समय नहीं निकलेगा तब तक उसका कल्याण नहीं हो सकता है। मनुष्य जीवन में यदि आत्म कल्याण मोक्ष प्राप्त करना है तो धार्मिक स्वाध्याय ,ज्ञान दर्शन चरित्र, संस्कार, क्षमा, दया, प्रेम, सेवा, भलाई ,क्षमता, सहनशक्ति विनम्रता, सरलता आदि अच्छाइयों को जीवन में को अपनाना होगा तभी हमें मोक्ष मार्ग मिल सकता है। हमें बड़ा बनना है तो छोटे-बड़े का भेद मिटाना होगा। हम बड़ों की प्रशंसा करते हैं लेकिन उन्हें पसंद नहीं करते हैं बड़ों को पसंद भी करना होगा तभी हमारे जीवन में परिवर्तन आएगा। धर्म कर्म पर सच्चे विश्वास के बिना हमारे भाग्य में सफलता नहीं मिल सकती है।

धर्म सभा में आर्यिका ज्ञेम्याश्री, ज्ञापकश्री, ज्ञेयश्री ,छुल्लिका विज्ञप्ति श्री आदि का सानिध्य मिला। अध्यक्ष विजय जैन (विनायका) ब्रोकर्स ने बताया की आर्यिका माताजी ससंघ बही पारसनाथ से जयपुर की ओर प्रस्थान कर रहा है। जयपुर जाते समय नीमच में प्रवास किया गया है। आज सुबह 9 बजे दिगंबर जैन मंदिर सभाकक्ष भवन में प्रवचन होंगे। प्रतिदिन आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सुबह 5:30 बजे जिन सहस्त्रनाम मंत्रावली, 7.30 बजे शांति धारा, 9 बजे प्रवचन, दोपहर 3 बजे स्वाध्याय आत्मानुशासन संध्या 6:30 बजे गुरु भक्ति एवं शंका समाधान ततपश्चात साधु संतों की वैया वृती सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।इस अवसर पर जय जय गुरु मां की जय घोष भी लगाई गई।